प्रिय छात्राओं एवं अभिभावकगण,

शिक्षा किसी भी समाज के सर्वांगीण विकास का आधार स्तंभ होती है। यह मानव को विवेकशील एवं सरस्कारवान बनाकर स्वाभिमान एवं स्वावलबंन के साथ प्रगति पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देती है । शिक्षा का अलौकिक ज्ञान ही मनुष्य को 'अमृतस्य पुत्रोहम्' कहलाने का अधिकारी बनाता है। यदि हमारे दिमागों में बिना आत्मसात किए जानकारी के ढेर को हम शिक्षा मान लेंगे तो केवल हमारे जीवन में उपद्रव होगा। मनुष्यता की प्रक्रिया में हमें अपने विचारों को इस तरह आत्मसात करना होगा कि हमारा चारित्रिक गठन हो सके। इसके लिए हमारी शिक्षा राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुरुप होनी चाहिए।

मैं महाविद्यालय परिवार की ओर से संस्थान में प्रवेश लेने की इच्छुक सभी छात्राओं को विश्वास दिलाता हूँ कि वैश्वीकरण की दौड़ में दृढ़ संकल्प शक्ति, त्याग निष्ठा, कर्मठता एवं सेवाभाव को आधार बनाकर कुशल निर्देशन एवं परामर्श के उचित संयोजन से स्वस्थ, समर्थ, संस्कारित, धर्म निष्ठ प्रखर मेधा संपन्न छात्राओं की एसी पीढ़ी तैयार करेंगें जो ज्ञान जगत के कल्याण के साथ–2 अपने राष्ट्र को विश्वगुरु बनाने में अपना महती योगदान दे सके।

डॉ0 ओ पी गुप्ता
प्राचार्य
राजकीय कन्या महाविद्यालय
पिल्लु खेड़ा, जीन्द